Regarding alleged irregularities in implementation of development schemes sponsored by Central Government in Khagaria district, Bihar-laid

चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया): मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत खगड़िया जिला एक आकांक्षी जिला होने के साथ-साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र भी है । उक्त जिले में भारत सरकार द्वारा बहुत सारी महत्वकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं । जिसके अन्तर्गत मनरेगा से उक्त जिले में करोड़ो रूपये की महत्वपूर्ण योजनाओ का संचालन हो रहा हैं । खगड़िया जिले में सभी केंद्रीय योजनाओ जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जिला परिषद् के अन्तर्गत योजनाओं एवं अन्य इनके अधीनस्थ केन्द्रीय योजनाओं में व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं बरती जा रही है जिस कारण स्थानीय जनप्रतिनिधि काफी परेशान हैं एवं जनता में काफी रोष है ।

अतः मेरी भारत सरकार से मांग है कि उपरोक्त परियोजनाओं से संबद्ध पदाधिकारियों की संपत्ति की जांच प्रवर्तन निदेशालय से कराई जाए तथा साथ ही साथ इनके कार्यकाल के माध्यम से हुई सभी केन्द्रीय योजनाओ की जांच केन्द्रीय एजेंसी से कराई जाए ।